(A Govt. of Jharkhand Undertaking) (CIN: U17122JH2006SGC012606)

# झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट)

## प्रथम तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची

पत्रांक– 40 /राँची, 363/Jharcraft/SR/2022-23 दिनांक– 05.01.2024

## धागा क्रय हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूहों को वस्त्र उत्पादन हेतु आवश्यक Mulberry तथा Eri धागे की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं, फार्म एवं प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों से ऑनलाईन ई–निविदा दिनांक–22.01.2024 के 03:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 24.01.2024 को 4:00 बजे अपराह्न में प्रबंध निदेशक के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली धागे का विवरण तथा नियम एवं शर्तें झारक्राफ्ट के वेबसाईट www.jharcraft.in एवं jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

### नियम एवं शर्तें :–

1. निविदा, विहित प्रपत्र में प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट को समर्पित की जाएगी **(परिशिष्ट–III)**
2. निविदा दो भागों में रहेगा–तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा।
3. धागे का न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले निविदादाता का चयन किया जाएगा।
4. चयनकर्त्ता को अपने व्यय पर धागे की आपूर्ति JSDI Hehal Ranchi स्थित झारक्राफ्ट के कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय भगैया में करना होगा। कार्यादेश में आपूर्ति हेतु स्थान (कार्यालय का नाम एवं पता) उल्लेखित किया जाएगा।
5. धागे की आपूर्ति कार्यादेश निर्गत करने की 21 दिनों के अन्दर करना अनिवार्य होगा।
6. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा धागे आपूर्ति के पश्चात उनमें से कुछ धागा Randomly चयनित कर जाँच हेतु किसी भी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त Laboratory में भेजा जा सकता है।
7. न्यूनतम उद्धृत दर अगले एक (1) वर्ष के लिए मान्य होगा।
8. धागे का प्रकार एवं मात्रा (Quantity) **परिशिष्ट–II** पर संलग्न है।
9. **परिशिष्ट–II** पर उल्लेखित धागे की मात्रा (Quantity) आवश्यकता अनुसार परिवर्तित की जा सकती है।
10. न्यूनतम उद्धृत दर को ही अगले एक वर्ष के लिए धागे का दर निर्धारित कर दी जाएगी तथा उक्त न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले निविदादाता अगले एक वर्ष तक उक्त दर पर आवश्यकता अनुसार धागे का आपूर्ति कर सकता है। यदि उक्त निविदादाता के द्वारा Supply नहीं किये जाने पर कार्यालय उसी न्यूनतम दर पर किसी भी अन्य आपूर्तिकर्ता से धागे का क्रय कर सकती है।

11. सशर्त्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
12. निविदादाता किसी निजी/सरकारी संस्था द्वारा Black listed नहीं होना चाहिए। इस संबंध में **परिशिष्ट–V** में संलग्न विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित करेंगे।
13. निविदा में प्राप्त सफल निविदादाता को धागा आपूर्ति हेतु कार्यादेश निर्गत किया जाएगा। क्रय आदेश अनुसार धागा आपूर्ति नहीं करने की स्थिति में अग्रधन (EMD) जब्त की जाएगी।
14. अधोहस्ताक्षरी के पास निविदा को आंशिक/पूर्णरूपेण संशोधन करने, स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**निविदा शुल्कः–**

- निविदा हेतु अग्रधन (EMD) की राशि 50,000/– रूपये (पचास हजार रूपये) एवं टेंडर फीस 2500/–रूपये (दो हजार पाँच सौ रूपये) का भुगतान Internet Banking/ NIFT/ RTGS Challan, jharkhandtenders.gov.in Portal के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है।
- Refund सिर्फ EMD के भुगतान के लिए उपयोग किये गये मूल बैंक खाते में ही किया जाएगा। इसलिए निविदादाता को सलाह दी जाती है कि Online भुगतान के लिए इस्तेमाल किये गये बैंक खाता को बन्द ना करें।
- L1 निविदादाता को L1 होने की सूचना देने के पश्चात 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर रू० 50,000/–(पचास हजार रूपये) की बैंक गारंटी (Bank Guarantee), प्रबंध निदेशक, झारक्राफ्ट के नाम पर जमा करना अनिवार्य होगा। उसके पश्चात कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
- L1 निविदादाता द्वारा Online जमा की गई EMD की राशि Online के माध्यम से ही उसी बैंक खाता में जमा कर दी जाएगी।

**I. तकनीकी निविदा में निम्नलिखित विवरणी/दस्तावेज की छाया प्रति संलग्न करना होगा–**

1. पैन कार्ड की छाया प्रति।
2. तीन वर्षों का अद्यतन आयकर रिटर्न देना अनिवार्य होगा।
3. अद्यतन बैंक खाता की छाया प्रति।
4. GSTIN registration की छाया प्रति ।
5. अंतिम दाखिल GST विवरणी की छाया प्रति ।
6. कम्पनी के मामले में कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत निबन्धन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
7. निविदादाता द्वारा जिस–जिस धागे के लिए दर Quote (उद्धृत) किया जा रहा हो उन सभी धागे की आपूर्ति (Supply) में अलग–अलग कम से कम तीन वर्षो का कार्य अनुभव होना अनिवार्य होगा। (कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति/work completion certificate छायाप्रति)।
8. समर्पित किये जाने वाले सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित (मुहर सहित) होना अनिवार्य है।
9. निविदादाता के प्रबन्ध निदेशक/पार्टनर्स/प्रोप्राइटर का सरकारी दस्तावेजों में दर्ज नाम पता का विवरण।

10. अग्रधन (EMD) एवं टेंडर फीस प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निविदादाता को तकनीकी निविदा में अयोग्य घोषित किया जायेगा।

## II. <u>वित्तीय निविदा</u>

1. तकनीकी निविदा के सफल आपूर्तिकर्ताओं, फर्म एवं प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा।
2. वित्तीय निविदा विहित प्रपत्र (**परिशिष्ट–VI**) में भर कर देना होगा। निविदादाता द्वारा किसी भी धागे के 1 Kg मात्रा पर ही दर Quote (उद्धृत) किया जाएगा।
3. अंतिम रूपेण सफल निविदादाता द्वारा जमा किये गये अग्रधन (EMD) पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं मिलेगा।
4. अग्रधन (EMD) एवं टेंडर फीस से छुट की सुविधा प्राप्त करने हेतु निविदादाता को झारखण्ड राज्य अन्तर्गत DIC का निबन्धन प्रमाण पत्र/उद्यम प्रमाण पत्र एवं GM, DIC का सत्यापन प्रतिवेदन संलग्न करना अनिवार्य होगा (**परिशिष्ट–IV**)।

ह०/–
मुख्य वित्तीय पदाधिकारी
झारक्राफ्ट, राँची

निविदा संख्या ....................................... दिनांक ..........................

## Check List

| क्र0 | विवरणी | स्थिति / अनुपालन |
|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क (झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड'' के नाम से ) | राशि 2500.00 रूपये |
| 2 | EMD (DD/Bank Guarantee) | राशि 50,000.00 रूपये |
| 3 | अग्रेषण पत्र (Forwarding letter) | अनिवार्य |
| 4 | सभी पृष्ठों में हस्ताक्षर के साथ प्रतिष्ठान का मुहर | अनिवार्य |
| 5 | SSI registration/ Udyam Registration प्रमाण पत्र | यदि हो तो |
| 6 | प्रबन्ध निदेशक / पार्टनर्स / प्रोप्राइटर के विवरण आदि दस्तावेज | यदि हो तो |
| 7 | कंपनी पंजीकरण प्रमाण पत्र | अनिवार्य |
| 8 | (Not Blacklisted) to be Notarized | अनिवार्य |
| 9 | GST पंजीकरण प्रमाण पत्र | अनिवार्य |
| 10 | अंतिम दाखित GST विवरणी | अनिवार्य |
| 11 | PAN Card | अनिवार्य |
| 12 | बैंक पासबुक की छायाप्रति | अनिवार्य |
| 13 | ITR Returns (विगत तीन वर्षो का) | अनिवार्य |
| 14 | Audited Balance sheet (विगत तीन वर्षो का) | अनिवार्य |
| 15 | अग्रधन (EMD) में छुट का दावा करने की स्थिति में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत DIC का निबन्धन प्रमाण पत्र / उद्यम प्रमाण पत्र एवं GM, DIC का सत्यापन प्रतिवेदन<br>• The MSEs/ other Enterprises and units must be registered under Jharkhand Goods and Services Tax (JGST) Act-2017 or The Central Goods & Services Tax (CGST) Act 2017.<br>• The MSE/ other enterprise and unit must have encouraged local people in employment.<br>• The MSE/ other enterprise and unit must have complied with all statutory and legal formalities of concerned regulators/Act. (परिशिष्ट–IV) | अनिवार्य |
| 16 | सभी धागे की आपूर्ति (Supply) में कम से कम तीन वर्षो का कार्य अनुभव | अनिवार्य |

परिशिष्ट– II

## धागे का प्रकार एवं मात्रा (Quantity) निम्नवत् है–

| Sl. No. | Type of Yarn | Specifications | Colour | Quantity (In kg) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Eri | 120/2 | Natural | 1200 | |
| 2. | Mulberry | 28/32 | Natural | 200 | |

**परिशिष्ट–III**

निविदा अग्रेषण पत्र FORWARDING LETTER
(On the Letterhead of the Bidder)

निविदा संख्या :.................................. दिनांक........................................

प्रेषक,

.....................................................................
.....................................................................
.....................................................................

सेवा में,
प्रबन्ध निदेशक
झारक्राफ्ट, राँची

विषयः झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूहों को वस्त्र उत्पादन हेतु आवश्यक Mulberry तथा Eri धागे की आपूर्ति हेतु निविदा समर्पित करने के संबंध में।

महाशया,

उपरोक्त विषयगत निविदा के संदर्भ में, मैं/हम घोषणा करता हुँ कि मैंने/हमने निविदा दस्तावेज का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और निविदा दस्तावेज में निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करने का वचन देते हुए निविदा समर्पित कर रहा हुँ।

विश्वासभाजन

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

For claiming EMD/Tender Fee Exemption
(On the Letterhead of the Bidder)

निविदा संख्या :................................. दिनांक.......................................

प्रेषक,

.....................................................................
.....................................................................
.....................................................................

सेवा में,
प्रबन्ध निदेशक,
झारक्राफ्ट, राँची।

विषयः झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूहों को वस्त्र उत्पादन हेतु आवश्यक Mulberry तथा Eri धागे की आपूर्ति हेतु निविदा में निविदा शुल्क/ईएमडी में छूट का दावा करने के संबंध में।

महाशया,

उपरोक्त विषयगत निविदा के संदर्भ में, मैं/हम अपना दस्तावेज दाखिल कर रहे हैं और एमएसएमई और एनएसआईसी नीति के अनुसार झारखण्ड राज्य अन्तर्गत DIC में निबंधित है जिससे निविदा शुल्क/ईएमडी में छूट का दावा कर रहे हैं तथा इसके समर्थन में वांछित साक्ष्य संलग्न कर रहे है। मैं/हम घोषणा करते हैं कि, हम निविदा दस्तावेज में सूचीबद्ध संबंधित धागे का निर्माता/आपूर्तिकर्ता हैं।

विश्वासभाजन

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

**परिशिष्ट–V**

(On the Letter head of the Bidder)
**(Notarized)**

## DECLARATION

I /We having our office at …………………………………………declare that I /We have never been blacklisted by any State Government /Central Government / or any State/ Central PSU. Further certify that I / We give our acceptance for all tender conditions.

Signature:

Name:

Designation:

Address of the Bidder:

Seal of Bidder:

Date:

Place:

**झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट)**
**प्रथम तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची**
**CIN: U17122JH2006SGC012606**

---

**परिशिष्ट– VI**

# Format for financial bid

आवेदक का नाम–

पूरा पता–

मो0 न0–

बिक्री दर हेतु विवरणीः–

| **Sl. No.** | **Type of Yarn** | **Specifications** | **Colour** | **Quantity (In kg)** | **Rate (In Rs.)** | **Remarks** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Eri | 120/2 | Natural | 1 Kg | | |
| 2. | Mulberry | 28/32 | Natural | 1 Kg | | |

हस्ताक्षर